an>

Title: Need to intervene to end the fast regarding Ganga River Rejuvenation Plan of Sadhvi Padmavati in Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अत्यन्त ही गम्भीर विषय को सरकार के समक्ष लाना चाहता हूँ ।…(व्यवधान)

मोक्षदायिनी, मुक्तिवाहिनी माँ गंगा की अविरलता और निर्मलता को निरन्तर बनाए रखने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र की साध्वी पद्मावती, जो सरमेरा प्रखण्ड स्थित मलावाँ गाँव में पैदा हुईं, ये विगत् 54 दिनों से मातृ सदन, हरिद्वार में आमरण अनशन पर बैठी हैं । साध्वी पद्मावती बाल्यावस्था में संन्यास धारण कर मातृ सदन, हरिद्वार में प्रवास करती हैं ।…(व्यवधान)

मैं खुद और बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री जी के साथ 23 जनवरी को वहाँ जाकर साध्वी जी से मिला हूँ ।…(व्यवधान) उनकी इस माँग को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता है । उनकी सभी माँगें जायज़ हैं ।…(व्यवधान) इस सम्बन्ध में माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा प्रधान मंत्री जी को लिखे गए पत्र की कॉपी भी मैंने साध्वी जी को दी है ।…(व्यवधान) माननीय मुख्य मंत्री जी ने प्रधान मंत्री जी को गंगा की अविरलता एवं निर्मलता के लिए विस्तार से चर्चा करते हुए आग्रह किया है कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर साध्वी पद्मावती जी के अनशन को समाप्त कराने के लिए हस्तक्षेप करें ।…(व्यवधान)

वहाँ मुझे बताया गया कि इस पुनीत कार्य के लिए साध्वी पद्मावती जी के आमरण अनशन के पहले भी निगमानन्द जी, बाबा नागनाथ जी, स्वामी गोकुलानन्द जी एवं स्वामी ज्ञानस्वरूप सानंद उर्फ प्रो. जी.डी. अग्रवाली जी ने भी

इसी कार्य के लिए आमरण अनशन करते हुए अपनी शहादत दी है ।...(व्यवधान)

मैंने देखा कि साध्वी जी की शारीरिक स्थिति अनशन के के कारण अत्यन्त दयनीय हो चुकी है और अगर सरकार उनकी जायज़ माँगों को स्वीकार करते हुए हस्तक्षेप कर आमरण अनशन समाप्त नहीं करवाती है, तो उनकी भी जीवन लीला समाप्त हो सकती है ।...(व्यवधान)

अत: मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि गंगा की अविरलता और निर्मलता को बनाए रखने के लिए साध्वी पद्मावती जी की माँगों को स्वीकार करें और उनके आमरण अनशन को समाप्त कराएँ ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

डॉ. संजय जायसवाल,

श्री दुष्यंत सिंह और

श्री निशिकांत दुबे को श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।